पत्रिका

## पुलिस विभाग चला रहा 1 से 11 फरवरी सेफ क्लिक जागरूकता अभियान

# पुलिस की ताकीद, बैंक बैलेंस चेक करने भेजे किसी भी लिंक पर क्लिक न करें

पत्रिका रक्षा कवच
अपराधों के विरुद्ध
पत्रिका अभियान



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** पुलिस विभाग द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए जिलेभर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसका नतीजा यह रहा कि अब साइबर अपराध में धीरे धीरे कमी भी आ रही है, हालांकि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध नहीं लग पाया है, लेकिन अभियान से लोग जागरूक जरूर हो रहे हैं।

शनिवार को भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के उपक्रम नेपा लिमिटेड में 1 से 11 फरवरी तक चल रहे सेफ क्लिक अभियान के तहत थाना नेपानगर टीआई ज्ञानु जायसवाल और उनकी टीम द्वारा साइबर अपराध से बचाव के लिए मिल अफसर कर्मियों को जागरूक किया गया।

शनिवार को नेपा लिमिटेड के सुरक्षा विभाग के प्रभारी संजय पवार की पहल पर मिल गेट पर आयोजित इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल ने मिल के कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच पहुंचकर साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सरकारी योजनाओं के नाम पर धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ रही हैं। टीआई ने बताया कि किसी भी सरकारी योजना के नाम पर मांगे गए ओटीपी को कभी भी साझा न करें। उन्होंने बताया कि बैंक बैलेंस चेक करने के लिए भेजे गए लिंक पर क्लिक न करें, बल्कि अपने मोबाइल से या बैंक जाकर पासबुक में इंट्री करवाएं।

### 5जी लांच से मोबाइल का उपयोग और बढ़ा

नेपा लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने कहा कि मौजूदा दौर में साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में इसके बारे में जानना और जागरूक करना बेहद जरूरी है। 5जी लांच होने के बाद आज के समय में लगभग हर घर में स्मार्ट फोन है। स्मार्टफोन के जरिए लोग इंटरनेट की मदद से अलग-अलग चीजों से जुड़े रहते हैं। ऐसे में हैकिंग, पहचान की चोरी, मैलवेयर हमला और ऑनलाइन धोखाधड़ी का खतरा बना रहता है। यही वजह है कि इससे बचने के लिए साइबर सुरक्षा के बारे में जानना और समझना बेहद जरूरी है।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 09-02-2025

# नेपा मिल के कर्मियों को किया जागरूक

भास्कर संवाददाता | नेपानगर



अभियान के दौरान पुलिस, नेपा मिल अफसर, कर्मचारी।

भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के उपक्रम नेपा लिमिटेड में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 1 से 11 फरवरी तक चल रहे सेफ क्लिक अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ। थाना नेपानगर टीआई ज्ञानू जायसवाल और उनकी टीम द्वारा साइबर अपराध से बचाव के लिए मिल अफसर कर्मियों को जागरूक किया।

शनिवार को नेपा लिमिटेड के सुरक्षा विभाग के प्रभारी संजय पवार की पहल पर मिल गेट पर आयोजित इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल ने मिल के कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच पहुंचकर साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सरकारी योजनाओं के नाम पर धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ रही हैं। टीआई ने बताया कि किसी भी सरकारी योजना के नाम पर मांगे गए ओटीपी को कभी भी साझा न करें। उन्होंने बताया कि बैंक बैलेंस चेक करने के लिए भेजे गए लिंक्स पर क्लिक न करें, बल्कि अपने मोबाइल से या बैंक जाकर पासबुक में इंट्री करवाएं। नेपा लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने कहा कि मौजूदा दौर में साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में इसके बारे में जानना और जागरूक करना बेहद जरूरी है। 5जी लॉन्च होने के बाद आज के समय में लगभग हर घर में स्मार्टफोन है। स्मार्टफोन के जरिए लोग इंटरनेट की मदद से अलग-अलग चीजों से जुड़े रहते हैं। ऐसे में हैकिंग, पहचान की चोरी, मैलवेयर हमला और ऑनलाइन धोखाधड़ी का खतरा बना रहता है। यही वजह है कि इससे बचने के लिए साइबर सुरक्षा के बारे में जानना और समझना बेहद जरूरी है। उपनिरीक्षक शहाबुद्दीन कुरैशी द्वारा साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इसमें सभी को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का संकल्प दिलाया गया। संचालन सुरक्षा विभाग के प्रभारी संजय पवार ने किया। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, आशुतोष मिश्रा, दिनेश सोवले, डीपी मिश्रा, नितिन महाजन, पंकज मराठे, प्रवीण सोनी, वर्षा पाटिल, शिवांगी सिंह, सारिका सहित नेपा मिल के अफसर कर्मी और पुलिस प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

Date 9 Feb 2025

# नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों को साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए



भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन उपक्रम नेपा लिमिटेड में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 1 से 11 फरवरी तक चल रहे सेफ क्लिक अभियान के तहत साइबर अपराध से बचाव के लिए कर्मचारियों को जागरूक किया गया। इस अभियान का नेतृत्व थाना नेपानगर की टीआई ज्ञानु जायसवाल और उनकी टीम ने किया।

शनिवार को नेपा लिमिटेड के सुरक्षा विभाग के प्रभारी संजय पवार की पहल पर मिल गेट पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी ज्ञानु जायसवाल ने मिल के कर्मचारियों और अधिकारियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं के नाम पर धोखाधड़ी के मामलों में तेजी आई है। साइबर सुरक्षा की शपथ कार्यक्रम में उपनिरीक्षक शहाबुद्दीन कुरैशी द्वारा उपस्थित सभी लोगों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुरक्षा विभाग के प्रभारी संजय पवार ने किया। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, आशुतोष मिश्रा, दिनेश सोवले, डीपी मिश्रा, नितिन महाजन, पंकज मराठे, प्रवीण सोनी, वर्षा पाटिल, शिवांगी सिंह सारिका सहित नेपा मिल के अफसर कर्मी और पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।